Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct RCC bridges in Triveniganj, Chhatarpur and Pipra blocks under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): **महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल, बिहार के अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के पथ में पुल निर्माण की अत्यन्त आवश्यकता है । त्रिवेणीगंज प्रखंड के अंतर्गत एल** 22 **पिलुवाहा पीडब्ल्यूडी रोड से बेलापट्टी पथ पर सतगंडी धार में आरसीसी पुल का निर्माण, छातापुर प्रखंड के अंतर्गत एल** 53- टी01 **से नरैहिया पथ पर गेरा धार में आरसीसी पुल का निर्माण और पिपरा प्रखंड के अंतर्गत थुमहा से पिपराही पथ पर परमानें धार में आरसीसी पुल का निर्माण किया जाए ।**

महोदय, मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि अतिशीघ्र तीनों नदियों में आरसीसी पुल का निर्माण किया जाए, जिससे यातायात सुचारू रूप से हो तथा प्रतिवर्ष अनेक लोगों की जो डूबकर मृत्यु होती है, उन्हें बचाया जा सके ।